

इमाम कुर्सी पर बैठे-बैठे गिर गए

एक ओर पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में मैदान पर संघर्ष कर रही है वहीं दूसरी ओर डग आउट में इमाम-उल-हक के साथ ऐसी घटना हुई कि साथी खिलाड़ी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। इमाम कुर्सी पर बैठे-बैठे गिर गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। लोग इस वीडियो पर खूब मजे ले रहे हैं।

## कुर्सी से गिरे इमाम उल हक, पाक खिलाड़ियों की हंसी छूटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथम्टन। पाकिस्तान दस साल में पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज हारने की कगार पर है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में टीम अभी फॉलोऑन में 201 रन से पीछे है। मंगलवार को मैच का आखिरी दिन है और पाकिस्तान को पूरा दिन बचाना है। पाकिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन पूरी सीरीज में अच्छा नहीं रहा है और ऐसे में लग रहा है कि इंग्लैंड सीरीज में 2-0 से जीत हासिल कर लेगा। वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही इमाम गिरते हैं तो पाकिस्तानी खिलाड़ी भी अपनी हंसी रोक नहीं पाते।

पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सरफराज अहमद, शादाब खान और अन्य खिलाड़ी आपस में हंसने लग गए। आखिरी टेस्ट की बात करें तो पाकिस्तान ने इंग्लैंड की पहली पारी के स्कोर 583 के जवाब में 273 रन बनाए। अजहर अली ने अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा 141 रन बनाए। चौथे दिन बारिश का असर रहा और पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में सिर्फ 56 ओवर का ही सामना करना। दूसरी पारी में पाकिस्तान का स्कोर दो विकेट पर 100 रन है। क्रीज पर अजहर अली 29 और बाबर आजम 4 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# स्टार बल्लेबाज क्रिस गेल का कोरोना टेस्ट नेगेटिव

क्रिकेट

## फर्राटा धावक उसेन बोल्ट की बर्थडे पार्टी में हुए थे शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड रेकॉर्ड धारक फर्राटा धावक और 8 बार के ओलिंपिक गोल्ड उसेन बोल्ट कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। वह जमैका में अपने घर में सेल्फ आइसोलेशन में हैं। पिछले सप्ताह उनका जन्मदिन था और इसकी पार्टी में कोविड के सुरक्षा नियमों की अनदेखी की गई थी।

बोल्ट की इस पार्टी में न तो लोगों ने मास्क पहन रखा था और न ही सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन हो रहा था। सोमवार देर रात जमैका के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बोल्ट के पॉजीटिव होने की खबर दी थी। बोल्ट की इस पार्टी में किंग्स इलेवन पंजाब के स्टार बल्लेबाज क्रिस गेल भी मौजूद थे। अगर गेल संक्रमित हो जाते तो उनके आईपीएल के लिए यूएई जाने की संभावनाओं को आघात पहुंचता। हालांकि बाएं हाथ का



यह बल्लेबाज कोरोना वायरस की जांच में दो बार नेगेटिव आया है।

गेल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, कुछ दिन पहले पहला कोविड-19 टेस्ट... सफर से पहले मुझे दूसरा नेगेटिव टेस्ट चाहिए था। गेल ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, अगला टेस्ट भी नेगेटिव आया है।

इसके लिए नाक के काफी से सैंपल लिया गया। जमैका के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार देर रात इस बात की पुष्टि की कि 100उ और 200उ दौड़ में वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाने वाले बोल्ट कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। इससे पहले सोमवार दोपहर इस धावक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने कहा कि वह अपने कोरोना टेस्ट की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि सुरक्षा के लिहाज से मैंने खुद को क्वारंटीन कर लिया है और आराम से हूं।

इस वीडियो को पोस्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सुरक्षित रहो मेरे लोगो। 100एम और 200एम दौड़ में लगातार 3 ओलिंपिक (2008, 2012 और 2016) में गोल्ड जीतने वाले इस ऐथलीट ने कहा कि उनमें कोविड- 19 के लक्षण नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उनके जन्मदिन के पार्टी के बाद ही शनिवार को उनका कोविड-19 का टेस्ट हुआ था।

## रविचंद्रन अश्विन बोले कभी-कभी चुटकुले भी न्यूज बन जाते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के कोच और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पॉन्टिंग मांकड़िंग को खेल भावना के खिलाफ करार दिया था। इस दौरान पॉन्टिंग ने कहा था कि वह अपनी टीम के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन से इस मुद्दे पर कड़ी बातचीत करेंगे। वह मांकड़िंग के पक्ष में बिल्कुल नहीं हैं और अश्विन ने पिछले साल किंग्स इलेवन पंजाब के लिए ऐसा किया था।

पॉन्टिंग की इस कॉमेंट के बाद फैन्स और पूर्व क्रिकेटरों में मांकड़िंग पर चर्चा एक बार फिर आम हो गई। कई जानकार इसके पक्ष में जबकि कुछ इसके विरोध में अपनी राय जताने लगे। पॉन्टिंग ने कहा कि वह दुबई

रिकी पॉन्टिंग मांकड़िंग को खेल भावना के खिलाफ करार दिया था

पहुंचकर अश्विन से इस मुद्दे पर बात करेंगे। लेकिन हाल ही में अश्विन ने संकेत दिए हैं कि पॉन्टिंग और उनके बीच फोन पर इस मसले को लेकर बातचीत हो गई है। तमिलनाडु के इस स्पिन गेंदबाज ने कहा कि इस मसले पर उनकी पॉन्टिंग से रोचक चर्चा हुई है।

अश्विन अपने नए यूट्यूब शो हेलो दुबईया पर मौजूद थे। तमिल भाषा में प्रस्तुत किए गए इस एपिसोड के दौरान उन्होंने कहा, शरिकी पॉन्टिंग अभी नहीं पहुंचे (दुबई) हैं। जब वह आएंगे तब इस मसले पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि वह बात करना चाहते हैं। हम पहले ही फोन पर बात कर चुके हैं, यह बहुत रोचक बातचीत रही थी। हालांकि अश्विन ने यह नहीं बताया कि मांकड़िंग पर दोनों के बीच क्या चर्चा हुई। लेकिन उन्होंने कहा कि कभी-कभी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का संदेश का गलत अर्थ निकाल लिया जाता है। यहां तक कि लोग मजाक को भी गंभीरता से ले लेते हैं।

इस 33वर्षीय फिरकी गेंदबाज ने कहा, कभी-कभी क्या होता है कि ऑस्ट्रेलियाई इंग्लिश में कुछ और कहते हैं और उसका अनुवाद एक अलग अर्थ के साथ हम तक पहुंचता है। यहां तक कि उनके कुछ मजाक भी खबर बन जाते हैं। इसीलिए जब अगले हफ्ते हम इस पर बात कर लेंगे तब मैं इस पर कुछ बता पाऊंगा कि हमारे बीच क्या बात हुई।

## आईपीएल में डोपिंग रोकने के लिए नाडा का खास प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की नैशनल ऐंटी-डोपिंग एजेंसी ने इंडियन प्रीमियर लीग के लिए डोप टेस्टिंग प्रोग्राम तैयार कर लिया है। आईपीएल की शुरुआत 19 सितंबर से यूएई में हो रही है। टूर्नमेंट का फाइनल 10 नवंबर को खेला जाएगा। नाडा यूएई में कुल कुल मिलाकर पांच डोप कंट्रोल स्टेशन यानी डीसीएस स्थापित करेगी। इसमें से तीन उन मैदानों पर बनाए जाएंगे जहां लीग के मैच खेले जाने हैं। यानी दुबई, अबू धाबी और शारजाह में, इसके अलावा ट्रेनिंग के लिए तय किए गए मैदान- आईसीसी अकादमी, दुबई और जायद क्रिकेट स्टेडियम, अबू धाबी में भी एक-एक सेंटर बनाया जाएगा।

नाडा के निदेशक, नवीन अग्रवाल ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि डोप कंट्रोल ऑफिसर्स को प्लेइंग वैन्यू पर इन-कॉम्पिटिशन्स टेस्ट करने को कहा गया है वहीं आउट ऑफ कॉम्पीटिशन्स जांच सख्त रूप से ट्रेनिंग साइट्स पर की जाएगी। टूर्नमेंट के दौरान क्रिकेटर्स के 50 सैंपल जमा किए जाएंगे।

## न्यूज डायरी



### सिर्फ सिलेक्टर्स बता सकते हैं कि मुझे टीम इंडिया में मौका क्यों नहीं मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जयपुर। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर को लगता है कि अगर वो निरंतर अच्छा प्रदर्शन करते तो राष्ट्रीय टीम के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेल सकते थे। जाफर ने स्पोर्ट्सटाइगर के शो ऑफ द फील्ड पर कहा, मैं निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था। अगर करता तो 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेलता। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा निरंतर नहीं था, इसलिए मुझे बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा, मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की तुलना में अपने प्रथम श्रेणी करियर की वजह से ज्यादा मशहूर रहा। जाफर को घरेलू क्रिकेट का दिग्गज माना जाता है। उन्होंने 260 प्रथम श्रेणी मैचों में 19,000 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 50.67 रहा है और सर्वोच्च स्कोर 314। भारत के लिए उन्होंने 31 टेस्ट मैच खेले हैं और 34.11 की औसत से 1944 रन बनाए हैं। जाफर ने कहा, 2012-13 में मैं दोबारा टीम में जाने के करीब था, लेकिन शिखर धवन का चयन हो गया।

### सुरेश रैना ने सुशांत सिंह राजपूत को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के लिए एक भावुक संदेश लिखा है। सुशांत की मृत्यु 14 जून को उनके बांद्रा स्थित घर पर हुई थी। रैना ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें सरकार पर पूरा भरोसा है और वह जानते हैं कि ऐक्टर को इंसाफ दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह भी कहा कि सुशांत, हमेशा हमारे दिल में जिंदा रहेंगे। रैना ने ट्वीट किया, भाई, तुम हमेशा हमारे दिल में जिंदा रहोगे, आपके फैंस आपको बहुत मिस करेंगे। मुझे पूरा यकीन है कि सरकार और उसके नेता आपको न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, आप एक सच्ची प्रेरणा हैं।

### इंग्लैंड के कोच सिल्वरवुड ने कहा, एंडरसन सभी के लिए प्रेरणास्रोत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथम्पटन। इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने कहा कि 600 विकेट की दहलीज पर खड़े अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अन्य गेंदबाजों की लगातार मदद करते रहते हैं और सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस 38 वर्षीय गेंदबाज ने इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के चौथे दिन तक अपने विकेटों की संख्या 599 पर पहुंचा दी थी। अंतिम दिन एक विकेट हासिल करने पर वह 600 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज तथा कुल चौथे गेंदबाज बन जाएंगे। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न और अनिल कुंबले ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं लेकिन ये तीनों स्पिनर हैं। सिल्वरवुड ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा, "हम सभी जिमी के रेकॉर्ड से अवगत हैं और उम्मीद है कि वह इसे हासिल करने में सफल रहेंगे। यह देखना शानदार होगा। वह सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। 600 टेस्ट विकेट लाजवाब।'

### हार्दिक पंड्या ने शेयर की परिवार की तस्वीर, बोले आपको मिस कर रहा हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और उनकी पत्नी नताशा स्टैनकोविक के घर 30 जुलाई को नन्हा मेहमान आया। तभी से दोनों अपने प्यारे बेटे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वे परिवार की तस्वीरें साझा कर रहे हैं। हार्दिक ने एक वीडियो कॉल का स्क्रीनग्रैब शेयर किया जिसमें वह नताशा और उनका बेटा नजर आ रहा है। हार्दिक अब मुंबई इंडियंस के साथ अबू धाबी में हैं। ऐसे वक्त पर उन्हें अपने परिवार की बहुत याद आ रही है। तस्वीर की बात करें तो इसमें नताशा मुस्कुरा रही हैं और उनका बेटा सो रहा है वहीं हार्दिक को हंसते हुए देखा जा सकता है। हार्दिक ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन दिया, अपने दो फरिश्तों को मिस कर रहा हूं। मैं खुशकिस्मत हूं कि आप दोनों मेरे जीवन में आए।